हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
सोमवार, 14 दिसंबर 2020, बरेली, पांच प्रदेश, 21 संस्करण
www.livehindustan.com

PAGE NO, 07, MIDDLE

ओटू जोया और आरसीसी का सेमीफाइनल में प्रवेश

बरेली | वरिष्ठ संवाददाता

एसआरएमएस क्रिकेट मैदान पर प्राइज मनी टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन ओटू जोया और आरसीसी ने सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। पहले मैच में विद्या भवन ने टॉस जीतकर फील्डिंग करने का फैसला किया। ओटू जोया ने 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 122 रन बनाए।

अमान ने 34 और सौरभ ने 21 रनों का योगदान दिया। बदले में विद्या भवन की पूरी टीम 19.5 ओवर में 87 रनों पर ढेर हो गई। दूसरे मैच में गंगाशील ने 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 107 रन बनाये। विपिन ने नाबाद 65 रनों की पारी खेली। बदले में आरसीसी ने 16.4 ओवर में 5 विकेट खोकर लक्ष्य प्राप्त कर लिया। शिवकुमार राठी ने नाबाद 68 रन बनाए। टूर्नामेंट सचिव ओपी कोहली ने बताया कि सोमवार को भी दो मैच खेले जाएंगे। इस दौरान बीसीए की कार्यकारिणी सदस्य राकेश कुमार, सचिव सीताराम सक्सेना, अध्यक्ष सरफराज, वली खान, मनीष सिंह, मोहम्मद कमर, मोहम्मद चमन, सुमित चौहान आदि मौजूद रहे।